लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

PARLIAMENTARIANS PAY FLORAL TRIBUTES TO FORMER LOK SABHA SPEAKER, SHRI SOMNATH CHATTERJEE/संसद सदस्यों ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री सोमनाथ चटर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

…

New Delhi, 25 July, 2024: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla paid floral tributes to former Lok Sabha Speaker, Shri Somnath Chatterjee, at his portrait in the Central Hall of Samvidhan Sadan, on his birth anniversary, today.

Deputy Chairman, Rajya Sabha Shri Harivansh, Members of Parliament, former Members and other dignitaries also paid floral tributes to Shri Chatterjee.

Secretary-General of Lok Sabha Shri Utpal Kumar Singh also paid tributes.

Shri Somnath Chatterjee was born on 25 July, 1929 in Tejpur Assam. He pursued a career in law and joined active politics in 1968. Elected to Lok Sabha for the first time in 1971, he served for a record ten terms. On 4 June, 2004, he was unanimously elected Speaker of the 14th Lok Sabha and served till 31 May, 2009. During his long and distinguished career, Shri Chatterjee contributed immensely to parliamentary system and raised the level of discourse in Lok Sabha. He was awarded the Outstanding Parliamentarian Award in 1996 in recognition to his invaluable contribution to strengthening the Indian Parliamentary system.

As Speaker of Lok Sabha Shri Chatterjee took several initiatives and among them was the starting of the 24-Hour Lok Sabha Television in July, 2006 and the high-tech Parliamentary Museum in August 2006.

A portrait of Shri Somnath Chatterjee graces the Outer Lobby of the erstwhile Lok Sabha Chamber in Samvidhaan Sadan. It was painted by Shri Manish Kumar Rao and unveiled on 10.02.2014 by the then President of India Shri Pranab Mukherjee.

नई दिल्ली, 25 जुलाई, 2024: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, श्री सोमनाथ चटर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश, संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्री चटर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री सोमनाथ चटर्जी का जन्म 25 जुलाई, 1929 को तेजपुर असम में हुआ था। उन्होंने वकालत की पढ़ाई की और 1968 में सक्रिय राजनीति में शामिल हो गए। 1971 में वह पहली बार लोक सभा के लिए चुने गए और दस बार इस पद पर रहे। 4 जून, 2004 को उन्हें सर्वसम्मति से 14वीं लोक सभा का अध्यक्ष चुना गया। वे 31 मई, 2009 तक इस पद पर रहे। अपने लंबे और प्रतिष्ठित कार्यकाल के दौरान, श्री चटर्जी ने संसदीय प्रणाली में योगदान दिया और लोक सभा में संवाद के स्तर को ऊपर उठाया। भारतीय संसदीय प्रणाली को सुदृढ़ करने में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें 1996 में उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

लोक सभा अध्यक्ष के रूप में श्री चटर्जी ने कई पहल कीं। उन्होंने जुलाई, 2006 में 24 घंटे का लोक सभा टेलीविजन और अगस्त 2006 में हाई-टेक संसदीय संग्रहालय की स्थापना की।

श्री सोमनाथ चटर्जी का चित्र संविधान सदन में लोक सभा कक्ष की बाहरी लॉबी में लगाया गया है। इस चित्र को श्री मनीष कुमार राव ने तैयार किया था और 10.02.2014 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा इसका अनावरण किया गया था।